ऐ बेटे! मैंने अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) को कहते हुए सुना हैः सबसे बुरे शासक, जनसाधारण पर अत्याचार करने वाले हैं। अतः, तुम ऐसे लोगों में शामिल न होना।

आइज़ बिन अम्र- रज़ियल्लाहु अन्हु- उबैदुल्लाह बिन ज़ियाद के पास गए और कहा कि ऐ
बेटे! मैंने अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) को कहते हुए सुना हैः सबसे
बुरे शासक जनसाधारण पर अत्याचार करने वाले हैं। अतः, तुम ऐसे लोगों में शामिल न होना। यह सुनकर उबैदुल्लाह बिन ज़ियाद ने उनसे कहाः बैठ जाइए। आपकी हैसियत तो मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) के साथियों में वही है, जो आटे में चोकर (दूसरे श्रेणी के लोग) की होती है। उन्होंने कहाः क्या उनके अंदर भी चोकर हुआ करता था? चोकर तो उनके बाद के लोग तथा उनके सिवा अन्य लोग हैं। [सह़ीह़] [इसे मुस्लिम ने रिवायत किया है।]

http://sunnah.global/hadeeth/hi/show/3532